दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, सोमवार, 11 अप्रैल 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### चलती ट्रक में अचानक लगी आग

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के नेशनल हाइवे 30 पर लखनपुरी के पास एक चलती ट्रक में अचानक आग लगने से आनन-फानन में ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। आगजनी के बारे में पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी, इस घटना में जनहानि नहीं हुई है। चालक ने सतर्कता पूर्वक ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन आग से ट्रक जलकर खाक हो गया।

### आयुष कायाकल्प योजना प्रारंभ करने में छत्तीसगढ़ पहला राज्य

**कवर्धा (आरएनएस)।** स्वास्थ्य विभाग की भांति ही आयुष विभाग की संस्थाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ने देश मे सबसे पहले आयुष कायाकल्प योजना को प्रारंभ किया। शुक्रवार को आयुष संचालक के निर्देश पर स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर रायपुर द्वारा जगदम्बा पैलेस कवर्धा में जिले के सभी चिकित्सकों एवं आयुर्वेद फार्मासिस्टों को इस योजना का प्रशिक्षण दिया गया। योजना क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक में पदस्थ चिकित्सकों को उनके ब्लॉक के सभी औषधालयों के उन्नयन की जिम्मेदारी दी गयी है। जिसे उन्हें 1 माह के अंदर क्रियाशील करना है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ लीना तिवारी के मार्गदर्शन में जिला के मास्टर प्रशिक्षक डॉ निर्मला पटेल एवं डॉ कमलेश वर्मा ने इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ सुदेश तिवारी, डॉ नीलम गायकवाड़, डॉ हर्षिता चंद्रवंशी, डॉ संगीता चौहान, डॉ मेनका देशमुख, डॉ गिरीश साहू , डॉ ममता ठाकुर तथा जिले के फार्मासिस्ट विद्या सिंह, चुनकेश्वर मरकाम, दीपिका साहू, काजल साहू, दुर्गा प्रसाद मरावी, सफेद सिंह पैकरा, यशवंत साहू, राजकुमार साहू, चैतराम टंडन, राजकुमार सोनी, घनश्याम पटेल, गंगा बाई ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### नेतानार में आयोजित युवोदय मंडई में ग्रामीणों ने उठाया खेलों का आनंद

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर विकासखंड के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम पंचायत नेतानार मे आज युवोदय मड़ई व विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शामिल ग्रामीणों ने विभिन्न खेलों का आनंद उठाया। विशेष शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, श्र , शिक्षा सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं तथा समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मती अनिता पोयाम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, अनुविभागीय दंडाधिकारी दिनेश नाग सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने ग्रामीणों के उत्साह को दुगुना कर दिया। कार्यक्रम में 26 एफआरए ऋणपुस्तिका का भी वितरण किया गया।

### जादू टोना के शक में ग्रामीण की हत्या के 2 आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के किरंदुल थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरोली के पिरनार में जादूटोना के शक में विज्जा कुंजाम नामक ग्रामीण की धारदार हथियार और डंडे से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी और एएसपी राजेन्द्र जैसवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार की टीम बनाकर 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए ग्रामीण की हत्या के 02 आरोपी पोदीया और भीमा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हत्या के आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। हत्या के बारे में आरोपी पोदीया और भीमा ने बताया कि मृतक झाड़-फूंक जादू-टोना करता था, और मेरे पूरे परिवार को मारना चाहता था, जिसके कारण हम लोगो ने उसकी हत्या कर दी।

# सद्भावना क्रिकेट मैच : एसपी इलेवन की टीम 5 विकेट से जीती

**❑ अधिकारियों की खेल प्रतिभा आती है सामने,जल्द होगा व्यापक आयोजन- कलेक्टर भीम सिंह**

**❑ कमिश्नर नगर निगम एस जयवर्धन रहे मैन ऑफ द मैच**

**❑ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के बीच हुआ रोचक मुकाबला**

**रायगढ़।** बोईरदादर स्टेडियम में कलेक्टर इलेवन और एस पी इलेवन की टीमों के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजित हुआ। जिसमें प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीमें मैदान में उतरी। मैच में एसपी इलेवन की टीम ने कलेक्टर इलेवन की टीम को पांच विकेट से हराया। 12 ओवर्स के मैच में टॉस जीतकर कलेक्टर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी की। कलेक्टर इलेवन की पारी की शुरुआत कलेक्टर भीम सिंह और एसडीएम धरमजयगढ़ संबित मिश्रा ने की। उन्होंने पारी को मजबूत शुरुआत दी। जिसमें कलेक्टर भीम सिंह ने 20 रन बनाए और संबित मिश्रा ने 14 रन बनाए। कलेक्टर सिंह ने अपनी पारी में दो छक्के और एक चौका लगाया। संबित मिश्रा के रूप में टीम का पहला विकेट गिरा। जिसके बाद नगर निगम कमिश्नर एस जयवर्धन क्रीज पर आये। उन्होंने शानदार बैटिंग करते हुए 27 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने एक छक्का और तीन चौके लगाए और टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। कलेक्टर इलेवन की ओर से एडिशनल एसपी लखन पटले ने 5 रन और जॉइंट कलेक्टर डिगेश पटेल ने भी 5 रन की पारी खेली। इनिंग के आखिर में बल्लेबाजी करने आये खेल अधिकारी संजय पॉल ने 4 गेंद में 1 छक्के की मदद से 11 रनों की उपयोगी पारी खेली। कलेक्टर इलेवन टीम का स्कोर 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 94 रन रहा।एसपी इलेवन की ओर से कप्तान अभिषेक मीणा ने एक विकेट और रोहित सिंह ने एक विकेट लिया। 1 विकेट रन आउट से मिला।

एस पी इलेवन की ओर से सीएसपी योगेश पटेल और डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह ने पारी की शुरुआत की और तेजी से रन बटोरे। सीएसपी योगेश पटेल ने 3 गेंद में 11 रन का योगदान दिया। जिसमें एक छक्का और एक चौका उन्होंने लगाया। उन्हें स्पोर्ट्स अफसर संजय पॉल ने पहले ओवर की पाँचवीं गेंद में बोल्ड किया। इसके बाद एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वाशा बैटिंग करने आये। वे एक रन ही बना पाए और कमिश्नर नगर निगम जयवर्धन की गेंद पर बोल्ड हो गए। जिसके बाद सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने तेजी मे खेलते हुए 10 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 23 रनों की बहुमूल्य पारी खेली और अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक ले गए। वे पांचवे ओवर की पहली गेंद पर कैच आउट हुए। जिसके बाद एसपी अभिषेक मीणा बल्लेबाजी करने उतरे। वे 6 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए। यह रन छक्के के रूप में उनके बल्ले से निकला था। उनके आउट होने के बाद प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार क्रीज पर आए और ओपनर बैट्समैन डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह के साथ दोनों ने तेजी से रन बनाए। उन्होंने 3 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 32 रनों का योगदान दिया और टीम को जीत के करीब ले गए। उन्हें कमिश्नर नगर निगम जयवर्धन ने आउट किया। जिसके पश्चात ईई पीएचई परीक्षित चौधरी बैटिंग करने आये। एसपी इलेवन की ओर से विजयी रन प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार के बल्ले से निकला। एसपी इलेवन ने 9 वें ओवर में विजयी लक्ष्य प्राप्त कर कलेक्टर इलेवन को 5 विकेट से हरा दिया। कलेक्टर इलेवन की ओर से कमिश्नर नगर निगम एस जयवर्धन ने सर्वाधिक 2, स्पोर्ट्स अफसर संजय पॉल ने 1, डिप्टी कलेक्टर शिव कंवर ने 1 और डीआरसीएस सुरेंद्र गोंड़ ने 1 विकेट लिया।




मैच के समापन पर कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से अधिकारियों की खेल प्रतिभा सामने आती है। कोविड के कारण लंबे समय से ऐसे इवेंट आयोजित नही किये जा सके हैं, किंतु अब आगे भविष्य में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं व्यापक स्तर पर आयोजित की जाएंगी। एसपी अभिषेक मीणा ने कहा कि यह एक अच्छा आयोजन था। इस प्रकार साथ में फील्ड पर खेलने से ऑफिसर्स की बीच बॉन्डिंग बढ़ती है और कामकाज में समन्वय दिखता है। मैच की कमेंट्री और पुरुस्कार समारोह का संचालन राजेश डेनिएल ने किया। मैच की अंपायरिंग रायगढ़ की नेशनल क्रिकेट प्लेयर्स सुश्री लालिमा पटेल और सुश्री वीरता चौहान ने किया। मैच के स्कोरर आलोक रंजन रहे।

कलेक्टर इलेवन टीम- कलेक्टर भीम सिंह (कप्तान) कमिश्नर नगर निगम एस. जयवर्धन, एसडीएम धर्मजयगढ़ संबित मिश्रा आईएएस, एडीशनल एस पी लखन पटले, संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, डिप्टी कलेक्टर शिव कंवर, डिप्टी कलेक्टर गगन शर्मा, डीआरसीएस सुरेंद्र गोंड़, स्पोर्ट्स ऑफिसर संजय पॉल, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, डॉ योगेश पटेल

एसपी इलेवन टीम- एस पी अभिषेक मीणा (कप्तान), सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल, सीएसपी योगेश पटेल, प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार, संयुक्त कलेक्टर राजीव पांडेय, एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, सीएमएचओ डॉ एस एन केशरी, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, डीईओ आर पी आदित्य, सहायक संचालक कृषि हरीश राठौर

इन्हें मिला पुरुस्कार- कमिश्नर नगर निगम को उनके शानदार आलराउंड प्रदर्शन 27 रन और 2 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरुस्कार भी प्राप्त हुआ।सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल को मोस्ट डिसिप्लिन्ड प्लयेर का पुरुस्कार दिया गया। बेस्ट फील्डर का पुरुस्कार आईएएस संबित मिश्रा को दिया गया। डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह बेस्ट बैट्समैन बने।

# रूस और यूक्रेन के बीच हुए युद्ध से बचकर 207 विद्यार्थी राजधानी पहुंचे, भाजपा नेताओं ने किया भव्य स्वागत

**❑ आगे की पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्यमंत्री को पालक देंगे ज्ञापन**

**रायपुर ।** रूस और यूक्रेन के बीच घमासान लड़ाई से छत्तीसगढ़ के 207 छात्र भी चपेट में आ गये, जो मेडिकल की पढ़ाई करने यूक्रेन गए थे। जब उनकी वापसी हुई तो भाजपा के कद्दावर नेता एयरपोर्ट पहुंचे और उन्हें गुलाब का फू ल देकर उनका स्वागत किया, यूक्रेन से वापसी पर उनकी पढ़ाई के संबंध में भविष्य में अध्ययन को लेकर पूछे गये सवाल पर भाजपा नेताओं ने चुप्पी साध ली। ज्ञातव्य है कि देश के किसी भी चिकित्सा महाविद्यालय में घोषित नियमावली के तहत इन छात्रों को प्रवेश देकर आगे की पढ़ाई के लिए केंद्र एवं राज्यस्तर पर विशेष प्रयास करने होंगे। असाधारण स्थिति में युद्ध से बचकर आए विद्यार्थियों के लिए शासन एवं प्रशासन का संवेदनशील रवैया अपनाया जाना जरूरी है।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आनंद नगर में यूक्रेन में शिक्षा प्राप्त कर रहे मेडिकल के छात्रों के पालक एकत्रित हुए और बच्चों की आगे पढ़ाई को लेकर मंथन किया। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव से जल्द मुलाकात कर बच्चों की मेडिकल पढ़ाई की व्यवस्था करने की मांग करेंगे। बच्चों के पालक चिंतित हैं बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है।

# स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पूर्व निर्धारित अवधि में संपादित किये जायेंगे मूल्यांकन कार्यक्रम

**❑ एन्ड लाइन मूल्यांकन भी होंगे व स्कूलों में ही किया जाएगा मूल्यांकन कार्य**

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति को लेकर निर्देश जारी किया गया था। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देश में कक्षा पहली से आठवीं तक के मूल्यांकन संचालन एवं शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा गया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को मूल्यांकन के आधार पर पिछली कक्षा में नहीं रोका जाना है तथा कक्षा पहली से आठवीं तक के समस्त बच्चों को सामान्य रूप से वर्तमान शिक्षा सत्र में अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाना है। साथ ही जारी निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि प्रदेश के सभी विद्यालय में बच्चों की अकादमिक उपलब्धियों का सतत मूल्यांकन किया जाना है और उसके आधार पर सभी बच्चों को आवश्यक शिक्षण देने की व्यवस्था भी की जानी है। 15 अप्रैल 2022 के बाद छात्रों की उपस्थिति की अनिवार्यता नहीं है, संबंधी निर्देश भी जारी किए गए थे। विदित हो कि जारी निर्देशानुसार 15 अप्रैल के बाद छात्रों के स्कूल आने की भले ही बाध्यता नहीं हो किंतु स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत शाला के लिए निर्धारित समय तक सुनिश्चित की जानी है तथा स्कूल में निर्धारित मूल्यांकन कार्यक्रम के अनुरूप एंड लाइन मूल्यांकन कार्य करते हुए प्रदत्त प्रगति पत्रक भर कर 30 अप्रैल तक बच्चों को उपलब्ध कराया जाना है। छात्रों के एन्ड लाइन मूल्यांकन पश्चात इसकी एंट्री वेबसाइट पर ऑनलाइन पूर्ण किया जाना है। विदित हो किए इस हेतु पूर्व में घोषित निर्धारित मूल्यांकन तिथियों में ही छात्र-छात्राओं को सूचित कर एन्ड लाइन मूल्यांकन भी ली जानी है साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो विद्यालय में उपस्थित नहीं हो सकेंगे उन्हें उनके पालकों के माध्यम से घर तक प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जाना है एवं उनका भी एन्ड लाइन मूल्यांकन कर अन्य छात्रों के साथ प्रगति पत्रक उपलब्ध कराया जाना है।



# हाथियों ने 48 घन्टे 3 लोगो को मार डाला

**❑ ओडिशा सिमा से लगे सिकाशेर कि घटना**

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हाथियों के कहर ने 3 लोगों की जान ले ली है। हाथियों के दर सर लोग जान बचाकर घर से भाग रहे है। पिछले 24 घंटे के दौरान हाथियों ने 22 साल की युवती सहित तीन लोगों की जान ले ली है। हाथी के इस तरह खूंखार होते देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी ने लोगो की झोपड़ी को भी उजाड़ दिया है। हाथियों का यह दल ओडिशा के सिकाशेर से आया है।



जानकारी के अनुसार, पांवद्वार डैम के पास बिरनासिल्ली में रामसिंह ने झोपड़ी बना रखी है। शनिवार देर रात करीब 12 बजे उसकी 22 साल की बेटी सुखबाई सोकर उठी और झोपड़ी से बाहर निकली। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद हाथियों ने उस पर हमला कर दिया। हाथी ने सूड़ से पटक-पटककर हमला के बाद कुचलकर मार डाला। वहीं हाथी ने झोपड़ी को भी तोड़ डाला है।

गौरतलब हो कि 48 घंटे के भीतर हाथी के हमले से तीन लोगों की मौत हुई है। इनमें से दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। इससे पहले शनिवार को भी हाथियों ने महिलाओं सहित दो लोगों की जान ली थी। महिलाएं जंगल लकड़ी लेने गईं तभी कक्ष क्रमांक 348 में महिलाओं को हाथियों ने दौड़ा लिया। महिलाएं वहां से भागी। उनमें शामिल पाइकभाठा निवासी भूमिका उर्फ सत्तो मरकाम (36) गिर पड़ी, तभी हाथी ने उसे पकड़ लिया और सूंड़ से उठाकर पटक दिया। फिर पैर से कुचलकर मार डाला। घटना की जानकारी के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

वन विभाग के अफसर दलबल के साथ घटना स्थल पर करीब 3 बजे आए। उन्होंने महिला का शव देखा। इसके बाद आसपास निरीक्षण करने लगे। तभी वहां से करीब 200 मीटर दूर पांवद्वार डैम के पास एक और ग्रामीण का शव मिला। उसकी पहचान बुधलाल (45) पुत्र नवलसिंग नेताम के रूप में हुई।

# विभिन्न अधिनियमों के तहत पाँच सलाहकार बोर्ड गठित

**❑ न्यायमूर्ति अनिल कुमार शुक्ला बनाए गए अध्यक्ष**

**रायपुर (आरएनएस)** राज्य सरकार के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की अनुशंसा पर विभिन्न अधिनियमों के तहत पाँच अलग -अलग सलाहकार बोर्डों का गठन किया है। हाईकोर्ट की अनुशंसा पर ये सभी सलाहकार बोर्ड सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में गठित किए गए हैं । उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति शुक्ला छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके है। हाई कोर्ट की अनुशंसा पर गठित इन सभी सलाहकार बोर्डों में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) शरद कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विमला सिंह कपूर को सदस्य नामित किया गया है। दोनों न्यायमूर्ति भी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जज रह चुके हैं। ये सलाहकार बोर्ड विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम 1974 , स्वापक औषधि और मन -प्रभावी पदार्थ ,अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 ,चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम 1980, छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत गठित किए गए हैं। इन सलाहकार बोर्डो के गठन की अधिसूचनाएँ गृह विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के राजपत्र में पाँच अप्रैल 2022 को प्रकाशित कर दी गयी हैं।



# अब दुनिया जान पाएगी छत्तीसगढ़ की गुप्त तीर्थ शिवरीनारायण की महिमा

**❑ माता शबरी की नगरी का बदला स्वरूप, पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं का हुआ निर्माण**

**❑ सौंदर्यीकरण, उन्नयन, व्यू प्वाइंट निर्माण के साथ बढ़ा प्रचीन नगरी का आकर्षण**

**रायपुर (आरएनएस)।** सौंदर्यीकरण, उन्नयन, व्यू प्वाइंट निर्माण के साथ बढ़ा प्रचीन नगरी का आकर्षणछत्तीसगढ़ के साथ भगवान राम से जुड़ी स्मृतियों को सहेजते हुए यहां की संस्कृति को विश्वस्तर पर नयी पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना शुरू की है। पहले चरण में विकास के लिए चुने गये 9 में से 2 स्थानों में पर्यटन सुविधाओं के विकास तथा सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो गया है। इनमें से मां कौशल्या धाम चंदखुरी के विकास कार्यों का लोकार्पण गत वर्ष 07 अक्टूबर को किया गया था, अब 10 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर शिवरीनारायण में पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करने जा रहे हैं। शिवरीनारायण वही स्थान है जहां भगवान राम ने मां शबरी के जूठे बेरों को ग्रहण किया था। शिवरीनारायण को भारत का पांचवां धाम और गुप्त तीर्थ कहा जाता है।

शिवरीनारायण मंदिर परिसर का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरणमहानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के संगम तट पर बसे शिवरीनारायण नगर में 11 शताब्दी में हैह्य वंश के राजाओं के मंदिर बनाया गया था। यहां पर छठवीं शताब्दी से लेकर 11वीं शताब्दी तक की प्रतिमाएं स्थापित हैं। शिवरीनारायण का महत्व रामायणकालीन होने की वजह से यह नगर श्रद्धालुओं के लिए भी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है। प्रतिवर्ष यहां लाखों श्रद्धालु आते हैं और खुद को भगवान राम और माता शबरी के चरणों में न्यौछावर कर देते हैं। श्रद्धालुओं की अपार आस्था को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शिवरीनारायण का विकास करने का निर्णय लिया जो अब पूरा होने जा रहा है।




**शिवरीनारायण मंदिर परिसर का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरणशिवरीनारायण मंदिर परिसर का उन्नयन एवं सौदर्यीकरण-** लगभग 11वीं शताब्दी का ये मंदिर भगवान राम और लक्ष्मण की आस्था का बड़ा केंद्र है। इसीलिए इसको बड़ा मंदिर भी कहते हैं। नवरात्रि और रामनवमीं जैसे त्यौहारों में श्रद्धालुओं को किसी तरह की तकलीफ ना हो इसके लिए मंदिर परिसर का उन्नयन किया गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आराम करने के लिए भवन निर्माण किया गया है। इसके साथ ही नव निर्मित भवनों को भगवान राम की आस्था के अनुसार रंग रोगन किया गया है। मंदिर के विशाल द्वार का जीर्णोद्धार किया गया है। श्रद्धालुओं को दीप प्रज्ज्वलित करने में परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर परिसर के भीतर ही विशाल दीप स्तंभ का निर्माण किया गया है। ये सारे निर्माण और उन्नयन कार्य मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार के पूर्व किया गया है ताकि श्रद्धालु सुगमता पूर्वत भगवान राम के नारायणी अवतार का दर्शन कर सकें।

**रामायण इंटरप्रिटेशन सेन्टर एवं पर्यटक सूचना केन्द्र-** शिवरीनारायण नगर का अस्तित्व हर युग में रहा है। यह नगर मतंग ऋ षि का गुरूकुल आश्रम और माता शबरी की साधना स्थली भी रही है। यह महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के त्रिधारा संगम के तट पर स्थित प्राचीन नगर है। शिवरीनारायण प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण नगर है, जो छत्तीसगढ़ के जगन्नाथपुरी धाम के नाम से विख्यात है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार प्रभु राम ने शबरी के जूठे बेर यहीं खाये थे और उन्हें मोक्ष प्रदान किया था। इन सारी बातों को जीवंत रूप देने के लिए मंदिर परिसर के बाहर रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण किया गया है। इससे मंदिर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के मानस पर शिवरीनारायण की अमिट छाप पड़ेगी। इंटरप्रिटेशन सेंटर के बाद स्थित दो वृक्षों के बीच में भगवान राम को जूठे बेर खिलाती हुयी माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की गयी है जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। इसी जगह पर पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है जिससे श्रद्धालु शिवरीनारायण और आस-पास के पर्यटन क्षेत्रों की और जानकारी हासिल कर सकें।

**नदी घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण, व्यू पाइंटनदी घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण, व्यू पाइंट-** शिवरीनारायण में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अतर्गत पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए 39 करोड़ रूपए के कार्य होंगे। इसके तहत प्रथम चरण में 6 करोड़ के विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं। महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के संगम पर स्थित शिवरीनारायण को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए यहां पर नदी घाट का विकास किया गया है, साथ ही घाट के सौंदर्यीकरण से यहां श्रद्धालुओं को अब ज्यादा सहूलियत मिलने जा रही है। श्रद्धा के साथ ही ये संगम तट पर्यटन के लिए भी जाना जाए इसके लिए घाट पर व्यू प्वाइंट का निर्माण किया गया है जहां से पर्यटकों को अद्भुत नजारों का दीदार होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480